an>

Title: Regarding construction of 100 smart cities in the country.

श्रीमती ज्योति धुर्वे : आदरणीय प्रधान मंत्री जी की इस देश को एक विकासशील देश के रूप में बनाने की जो स्वर्णिम सोच है, उसमें उन्होंने सौ स्मार्ट शहरों का संकल्प लिया है।...(व्यवधान) मेरा संसदीय क्षेत्र हरसुद छनेरा है जो कहीं न कहीं विस्थापित है।...(व्यवधान) इसमें एशिया का सबसे बड़ा नर्मदा हाइड्रो थर्मल पावर या नर्मदा सागर परियोजना का निर्माण किया गया है जिससे दो जिले प्रभावित हुए हैं।...(व्यवधान) हरदा का हंडिया क्षेत्र और खंडवा का हरसुद दोनों जिले इससे प्रभावित हुए हैं।...(व्यवधान) मेरी आपके माध्यम से मांग है कि हरसुद छनेरा को सौ स्मार्ट शहरों में लेकर विस्थापित न रखते हुए एक विकासशील शहर के रूप में निर्माण किया जाए। आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।...(व्यवधान)